पुणा International School
Shree Swaminarayan Gurukul, Zundal

PERIODIC ASSESSMENT- 1			
Student's Name:	Roll No.:	Grade :	VII
Date :	Time:	Subject:	Hindi
T. Sign :		Total Marks	25

* **निर्देश- चारों खंड़ो के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।**

(अपठित-विभाग)

प्र-१ अपठित गदयांश को पढकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (अंक-5)

हमारा यह कर्तव्य है कि हम विकलांगों के प्रति अपना दृष्टिकोण बदलें। उनके प्रति मानवीय दृष्टि का परिचय दें। उनमें निहित हीन भावना को दूर कर उनमें आत्म-विश्वास जगाएँ। उनके पुनर्वास के लिए प्रयत्नशील रहें। उन्हें यह अनुभव कराया जाए कि वे भी समाज का एक महत्त्वपूर्ण अंग हैं। उन्हें भी एक सामान्य व्यक्ति के समान अधिकार प्राप्त हैं। वे भी मतदान करके राष्ट्र के निर्माण में सहायक बन सकते हैं। वे भी अपनी उपलब्धियों का पुरस्कार पाने के अधिकारी हैं।विकलांगों के पुनर्वास के लिए यह ज़रूरी है कि उन्हें दूसरों के समान रोज़गार, वेतन आदि दिए जाएँ। ऐसा करना कठिन अवश्य है, क्योंकि पढ़े-लिखे सामान्य युवकों के लिए तो रोज़गार उपलब्ध नहीं, फिर भी इनके लिए कुछ स्थान निश्चित किए जा सकते हैं। इनके लिए सरकार रोज़गार के विशेष साधन उपलब्ध कराए। वे जो-जो कर सकते हैं, उन्हें उन कामों में लगाया जाए। बहरा व्यक्ति कई काम कर सकता है। लंगड़ा व्यक्ति हाथों की सहायता से काम कर सकता है। अंधा व्यक्ति सूत कात सकता है। कुछ ऐसे भी काम हैं, जिन्हें विकलांग एक-दूसरे की सहायता से भी कर सकते हैं।

प्रश्नः1.उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए।
प्रश्नः2.विकलांग राष्ट्र निर्माण में किस तरह सहायता कर सकते हैं?
प्रश्नः3. आज विकलांगों के प्रति हमारा कर्तव्य किस तरह बदल गया है?
प्रश्नः4. विकलांगों का पुनर्वास करने के लिए क्या किया जाना चाहिए?
प्रश्नः5. विकलांगों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए क्या-क्या ध्यान रखना चाहिए?

(व्याकरण- विभाग)

प-२ निम्नलिखित संधि विच्छेद करके लिखिए। (अंक-2)

1) युगान्तर 2) दिवसावसान
3) सत्यार्थी 4) उदयाचल

प्र-३ सही विकल्प चुनकर लिखिए | **(अंक-2)**

1) बोलकर भाव एवं विचार व्यक्त करने वाली भाषा को _____ कहते हैं?

(i) सांकेतिक भाषा (ii) लिखित भाषा

(iii) मौखिक भाषा (iv) वैदिक भाषा

2) जिस रूप से क्रिया के होने के समय का बोध हो, उसे क्या कहते है ?

(i) वर्तमान काल (ii) काल

(iii) भूतकाल (iv) भविष्यकाल

प्र-४ प्रत्यय से शब्द बनाए। **(अंक-1)**

1) दान 2) कार

(लेखन-विभाग)

प्र-५ निम्नलिखित अनुच्छेद लिखिए। (कोई एक) **(अंक-4)**

1) प्रदूषण एक समस्या

अथवा

त्योहारों का महत्त्व

प-६ निम्नलिखित विषय पर पत्र लिखिए। **(अंक-3)**

1) छात्रवृत्ति के लिए प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र लिखिए।

(साहित्य-विभाग)

प-७ नीचे दिए गए शब्दों के समान शब्द लिखिए। **(अक-1)**

1) नीड़ 2) क्षितिज

प-८ एक-एक वाक्य में उत्तर लिखिए। (कोई तीन) **(अक-3)**

1) “ हिमालय की बेटियाँ” पाठ के लेखक कौन हैं?

2) पंछियों के अरमान क्या थे?

3) महाराजा शांतनु के बाद किसको हस्तिनापुर की गद्दी मिली?

4) विचित्रवीर्य के दो पुत्रों के नाम लिखो ।

प-९ नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **(अंक-4)**

1) काका कालेलकर ने नदियों को लोकमाता क्यों कहा है?

2) लेखक बचपन और अब की बीमारी में क्या अंतर महसूस करता है?